दैनिक भास्कर बालोद-बेमेतरा 06-08-2022

# सिविल जज व नेट की तैयारी के लिए मुफ्त में कोचिंग शुरू



बालोद. निशुल्क कोचिंग में उपस्थित छात्र- छात्राएं।

**बालोद** | शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त कॉलेज के विधि विभाग के छात्र- छात्राओं के लिए निशुल्क सिविल जज एवं नेट की तैयारी करने कोचिंग प्रारंभ किया गया। प्राचार्य डॉ. श्रद्धा चंद्राकर ने कहा कि यह कोचिंग निश्चित रूप से उन छात्र-छात्राओं के लिए लाभकारी होगा। जो सिविल जज एवं नेट की तैयारी करना चाहते हैं। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राघवेश पांडेय ने कहा कि यह कोचिंग बालोद जिले के छात्र-छात्राओं के लिए प्रारंभ किया गया है ,जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण बिलासपुर और रायपुर जाकर के सिविल जज परीक्षा की तैयारी नहीं कर पाते हैं। इस दौरान आइक्यूएसी प्रभारी सीडी मानिकपुरी, नेक प्रभारी प्रोफेसर एलके गवेल, स्वाति वैष्णव, पूनमचंद गुप्ता उपस्थित थे।